# Petronet LNG Limited

**Regd. Office:** World Trade Centre, Babar Road, Barakhamba Lane, New Delhi – 110001
**Phone:** 011-23411411, **Fax:** 011- 23472550, **CIN:** L74899DL1998PLC093073
**Email:** investors@petronetlng.com, **Company's website:** www.petronetlng.com
PAN: AAACP8148D GST: 07AAACP8148D1ZI

CS/PLL/Listing/2020

19th August 2020

The Manager
BSE Limited
Phiroze Jeejee bhoy Towers
Dalal Street, Mumbai – 400 001

The Manager
National Stock Exchange of India Ltd.
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex
Bandra East, Mumbai – 400 051

**Sub: Intimation under Regulation 30 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 – Newspaper Advertisement regarding Notice of 22nd Annual General Meeting (AGM), Book Closure, Dividend, e-voting and other details related to AGM**

Dear Sir / Madam,

Pursuant to Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith newspaper clippings with respect to information regarding Notice of 22nd Annual General Meeting, Book Closure, Dividend, e-voting and other details related to AGM, published in Hindustan Times (English) and Hindustan (Hindi).

This is for information and records please.

Thanking you,

Yours faithfully,

Rajan C Kapur

(Rajan Kapur)
CGM & Vice President-Company Secretary

Encl: as above

**आज का दिन** वर्ष 1908 में पद्मभूषण से सम्मानित हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक अब्दुल राशिद खान का जन्म।



# तकनीक और कौशल से सहयोग देने को तैयार वाहन कंपनियां

**योजना**

नई दिल्ली | एजेंसी

चीनी सामान पर निर्भरता खत्म करने और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए वाहन कंपनियों ने ऑटो पार्ट्स बनाने वाली सहायक कंपनियों को तकनीक और कौशल से सहयोग देने का फैसला किया है।

वाहन उद्योग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मारुति, टाटा, महिंद्रा समेत हीरो मोटोकॉर्प, बजाज ऑटो और टीवीएस मोटर ने अपनी जरूरत का ज्यादातर सामान देश में तैयार करने का फैसला किया है।

### डिजाइन और टेक्नोलॉजी की साझेदारी पर जोर

ऑटोमोटिव कंपोनेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एक्मा) के महानिदेशक विन्नी मेहता ने हिन्दुस्तान को बताया कि वाहन कंपनियां सिर्फ चीन से नहीं बल्कि दुनिया के दूसरे देशों पर से भी निर्भरता कम करना चाहती हैं। जिस तरह से कोरोना के कारण सप्लाई चेन प्रभावित होने से वाहन कंपनियों का प्रोडक्शन प्रभावित हुआ है वह भविष्य में न हो इसके लिए घरेलू पुर्जे बनाने वाली कंपनियों को डिजाइन से लेकर टेक्नोलॉजी में मदद देने को तैयार हैं।

### पुर्जों की बढ़ी लागत भी वहन करने को राजी

राय इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश छाबड़ा ने हिन्दुस्तान को बताया कि वाहन कंपनियां चीन के मुकाबले घरेलू पुर्जे बनाने वाली कंपनियों से खरीदारी के साथ बढ़ी लागत वहन करने को भी राजी हैं।

### तीन महीने में पूरा खाका बनाने की योजना


वाहन कंपनियां और बड़े ऑटो पार्ट निर्माता छोटी कंपनियों से संपर्क कर रहे हैं। वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उनकी चीनी सामान पर निर्भरता कितनी है। अगले तीन माह में पूरा खाका तैयार होगा।

**4.75** अरब डॉलर के ऑटो पार्ट का आयात चीन से हुआ 2018-19 में

**60%** चीन से आयात होता है रॉ-मैटेरियल वाहन उद्योग के लिए

**27%** हिस्सेदारी है चीनी ऑटो पार्ट उद्योग की भारतीय बाजार में

**300** कंपनियां चीन से भारत में आकर कारोबार करने की तैयारी में



### कोरोना ने भारतीय बाजार को दिया नया अवसर

कोरोना वायरस महामारी की वजह से वाहन उद्योग को महत्वपूर्ण कलपुर्जों की कमी से जूझना पड़ा था। चीन से बाहर की कंपनियां वाहन कलपुर्जों की प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं। वित्त वर्ष 2018-19 में भारत ने 17.6 अरब डॉलर के वाहन कलपुर्जों का आयात किया था। इसमें से 27 प्रतिशत यानी 4.75 अरब डॉलर का आयात चीन से हुआ था। करीब 57 अरब डॉलर का वाहन कलपुर्जा उद्योग स्थानीयकरण तथा चीन के आयात से जोखिम को कम करने की पहल कर रहा है।

## बिजनेस आपतक

### पेट्रोल का दाम लगातार तीसरे दिन बढ़ा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल के दाम मंगलवार को लगातार तीसरे दिन बढ़ाये जबकि डीजल की कीमत लगातार 18वें दिन स्थिर रही। इंडियन ऑयल के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का मूल्य सोमवार को 17 पैसे बढ़कर 80.90 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया।

### ई-स्कूटर पेश करने की तैयारी में ओमेगा

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी ओमेगा सीईको त्योहारी सीजन से पहले ई स्कूटर एवं मोपेड पेश करने की योजना बनाई है। कंपनी के अध्यक्ष उदय नारंग ने कहा कि अब इसका उत्पादन शुरू होने वाला है। यह मेक इन इंडिया उत्पाद होगा।

### डेलॉयट ने स्पाशियल का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी (डेलॉयट) ने स्पाशियल एक्सेस के अधिग्रहण की घोषणा की है। यह विज्ञापन और विपणन सलाहकार तथा विश्लेषण कंपनी है। इस कदम से डेलॉयट की परामर्शक क्षमता बढ़ सकेगी।

### बैंकिंग शेयरों के भरोसे सेंसेक्स 478 अंक चढ़ा

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे बाजार के दिग्गज शेयरों में तेजी के साथ मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स में 478 अंक का उछाल आया।

### एनएसई की पुरानी वेबसाइट बंद होगी

**मुंबई।** एनएसई की पुरानी वेबसाइट इस माह के बाद उपलब्ध नहीं होगी, देश के सबसे बड़े एक्सचेंज ने इस जानकारी दी है। नई वेबसाइट का बीटा वर्जन जारी हो चुका है। इसमें काफी बदलाव किए गए हैं।

### सकल बेरोजगारी दर नौ सप्ताह के शीर्ष पर पहुंची

**नई दिल्ली।** भारत में कल बेरोजगारी दर गत 16 अगस्त को समाप्त सप्ताह में नौ सप्ताह के शीर्ष पर पहुंच गई। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय बेरोजगारी दर 9.1 फीसदी तक पहुंच गई जो 9 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 8.67 फीसदी पर थी। सेंटर ऑफ मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के ताजा आंकड़ों में यह बात सामने आई है। यह पिछले नौ सप्ताह का सबसे तेज आंकड़ा है।

### मारुति सुजुकी के नेक्सा नेटवर्क के पांच साल पूरे

लखनऊ। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की प्रीमियम खुदरा सीरीज नेक्सा ने अपने परिचालन के पांच साल पूरे कर लिए हैं। इस दौरान उसने 11 लाख से अधिक इकाइयों की बिक्री की है।मारुति ने एक बयान में कहा कि 200 से अधिक शहरों में 370 शोरूम के साथ मात्रा के हिसाब से नेक्सा तीसरा सबसे बड़ा खुदरा वाहन ब्रॉन्ड है।

लॉकडाउन के दौरान अधिकांश घरों में फैली आर्थिक अनिश्चितता में धीरे-धीरे कमी

# भारतीय उपभोक्ताओं का भरोसा वापस लौटा

**सर्वे**

नई दिल्ली | एजेंसी

कोरोना महमारी से लड़खड़ाया उपभोक्ताओं का भरोसा फिर से वापस लौट आया है। डेलॉयट और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की ओर से किए गए अलग-अलग सर्वे में यह जानकारी मिली है।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की ओर से 20 जुलाई से लेकर 2 अगस्त तक 3,000 से अधिक उपभोक्ताओं पर हुए पांचवें सर्वेक्षण से पता चला कि खर्च और आय को लेकर भरोसे में सुधार हुआ है। वहीं, डेलॉयट की ओर से अगस्त के पहले हफ्ते में किए सर्वे में पता चला कि अब लोगों के बीच कोरोना का डर कम हुआ है। उपभोक्ता अब अपनी जिंदगी को फिर से सामान्य तरीके से जीना चाहते हैं।



**53%** से गिरकर 44% पर आए खर्च कटौती करने वाले उपभोक्ता

**57%** से घटकर 44% पर पहुंच गए आय घटने से डरने वाले

**05** वें चरण में किए गए सर्वे में सामने आई यह बात

### आय में सुधार को लेकर आस

बीसीजी के सर्वे से यह पता चला है कि उपभोक्ताओं में आय बढ़ने की उम्मीद बढ़ी है। लॉकडाउन के बाद आय घटने का डर तेजी से बढ़ा था लेकिन अब आय में सुधार की उम्मीद बढ़ी है। आय घटने से डरने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 57 फीसदी से घटकर 44 फीसदी पर पहुंच गई है।

### जल्द बेहतर होने की आस

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी कंज्यूमर कॉन्फिडेंस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, अगले साल देश की अर्थव्यवस्था में सुधार की उम्मीद है। सर्वे के मुताबिक इस साल कोरोना महामारी के कारण नौकरी, कमाई और जेब खर्च को लेकर उपभोक्ताओं में चिंता बनी हुई है।

### घर से बाहर निकल रहे लोग

बीसीजी के सर्वे के अनुसार, कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेज होने के बावजूद अब लोग घर से निकलकर अपना काम कर रहे हैं। हालांकि, अभी यह कोरोना पूर्व के स्तर पर नहीं पहुंचा है। सर्वे में शामिल 53% उपभोक्ताओं ने कहा कि दिनचर्या की गतिविधियों में वे भाग ले रहे हैं। वहीं, 66 उपभोक्ताओंने कहा कि वह अपने दोस्तों के घर जा रहे हैं।

### स्वास्थ्य को लेकर चिंता

डेलॉयट द्वारा भारतीयों पर हर दो सप्ताह में किए गए स्टेट ऑफ द कंज्यूमर ट्रैकर सर्वेक्षण से पता चला है कि बेहतर भावनाओं के बावजूद भारतीय अपने स्वास्थ्य को लेकर सबसे चिंतित हैं। डेलॉयट द्वारा 18 देशों पर किए गए सर्वे में भारतीयों की भावना सबसे निचले स्तर पर है।

# आईसीआईसीआई बैंक में चीनी बैंक ने ली हिस्सेदारी

**चिंताजनक**

नई दिल्ली | एजेंसी

**15,000** करोड़ के क्यूआईपी इश्यू जारी किया था आईसीआईसीआई बैंक ने

**15** करोड़ रुपये के शेयर खरीदे पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने सूत्रों के मुताबिक

आवास वित्त क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एचडीएफसी में हिस्सेदारी खरीदने के बाद चीन के केन्द्रीय बैंक पीपुल्स बैंक आफ चाइना (पीबीसी) ने देश के निजी क्षेत्र के दूसरे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक में छोटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है।

यह हिस्सेदारी आईसीआईसीआई बैंक के हाल में बंद हुए 15,000 करोड़ रुपये के क्यूआईपी इश्यू में खरीदी गई। इस निर्गम में निवेश करने वाले 357 संस्थागत निवेशकों में पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना भी शामिल है। इसके अलावा घरेलू संस्थागत निवेशकों, बीमा कंपनियों और वैश्विक संस्थानों ने इश्यू में हिस्सेदारी हासिल की है।

सूत्रों के मुताबिक चीन के केन्द्रीय बैंक ने आईसीआईसीआई बैंक के 15,000 करोड़ रुपये के पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) निर्गम में मात्र 15 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। आईसीआईसीआई की मौजूदा बाजार पूंजीकरण के हिसाब से इसमें पीबीसी की हिस्सेदारी 0.0065 प्रतिशत है।

# कम लागत वाले घर बनाने में आगे आएं उद्योग: प्रधान

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

**सुझाव**

- केंद्रीय इस्पात एवं पेट्रोलियम मंत्री धमेंद्र प्रधान की सलाह
- मजदूरों के लिए मकानों की योजना का जिक्र किया

केंद्रीय इस्पात एवं पेट्रोलियम मंत्री धमेंद्र प्रधान ने इस्पात उद्योग से प्रवासी मजदूरों के लिए कम लागत के आवास उपलब्ध कराने के लिए भागीदारी की अपील की है। मजदूरों के लिए मकानों की योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उद्योग को ऐसे कम लागत वाले घरों का निर्माण करना चाहिए, जो दूसरे के लिए मॉडल हो।

धमेंद्र प्रधान ने कहा कि उद्योगो को सरकार की इस तरह की कल्याणकारी पहल में हिस्सेदारी करनी चाहिए और यह हम सभी की जिम्मेदारी भी है।

### डीलरों को राहत देने की तैयारी: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा एमएसएमई मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार डीलरों को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का दर्जा देने पर विचार कर रही है।

इससे डीलर भी एमएसएमई को मिलने वाले लाभ के पात्र हो सकेंगे। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र से जुड़े सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभ और सब्सिडी पाने के लिए अपना पंजीकरण कराना होता है।

### सोने के दाम में 1182 रुपये की तेजी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 1,182 रुपये की बढ़त के साथ 54,856 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। करोबारियों ने यह जानकारी दी। इसी तरह चांदी भी 1,587 रुपये की बढ़त के साथ 72,547 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

# इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में 12 लाख करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त: प्रसाद

नई दिल्ली | एजेंसी

केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि देश में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण को बढ़ावा देने की नई योजना के तहत 12 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान कुछ उत्पादों के विनिर्माण (विनिर्माण लाइन) को लेकर कंपनियां चीन से भारत आई हैं। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री ने उद्योग के एक कार्यक्रम में यह भी कहा कि प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ा है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, ग्रामीण निर्माण विभाग, लोहाघाट, (चम्पावत)

निविदा सू. संख्या-593/1 ए.सी. दिनांकः 14.08.2020

**-: निविदा सूचना :-**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनॉक 28-08-2020 की अपरान्ह 12:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा कय के समय धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, लोहाघाट के पद नाम से बन्धक हो, खण्डीय कैशियर के पास जमा करना आवश्यक है। ठेकेदार का जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है।

निविदा प्रपत्र दिनॉक 22-08-2020 से 27-08-2020 तक किसी भी कार्य दिवस में 10:00 बजे पूर्वाहन से 5:00 बजे सायं तक निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनॉक 28-08-2020 को अपरान्ह 12:30 तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।
1- अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय वृत्त, लो0नि0वि0, पिथौरागढ, 2-अधिशासी अभियन्ता नि0ख0, लो0नि0वि0, लोहाघाट, 3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चम्पावत।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत काठगोदाम खुटानी देवीधूरा लोहाघाट पंचेश्वर मोटर मार्ग (राज्य मार्ग-10) "लोहाघाट-पंचेश्वर" प्रभाग एवं इसके आस-पास के समस्त ग्रामीण मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य। | 65000.00 | 2000.00 + GST | 45 दिन | 6 माह | "डी" एवं उच्चतर |
| 2 | वार्षिक अनुरक्षण में लोक निर्माण विभाग लोहाघाट के अन्तर्गत रौशाल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण मोटर मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य। | 65000.00 | 2000.00 + GST | 45 दिन | 6 माह | "डी" एवं उच्चतर |
| 3 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत लोहाघाट बाराकोट सिमलखेत काफलीखान भनोली मोटर मार्ग (राज्य मार्ग-57) के किमी0 38.000 में पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 35000.00 | 1500.00 + GST | 45 दिन | 4 माह | "डी" एवं उच्चतर |
| 4 | जिला योजना के अन्तर्गत क्यारखोली से नगनौनी मोटर मार्ग निर्माण के अन्तर्गत अवशेष कार्य। | 29000.00 | 1000.00 + GST | 45 दिन | 4 माह | "डी" एवं उच्चतर |

निविदायें दिनॉक 28-08-2020 को ही अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, लोहाघाट के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा डालते समय पंजीकृत श्रेणी का वैद्य पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा की शेष शर्ते/नियम निविदा प्रपत्रों पर देखे जा सकते हैं। विभाग किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त कर सकता है, जिस हेतु ठेकेदार का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

पत्रांक- 12702/ सू.एवं लो.सं.वि./दि. 18.08.2020



## पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, बाबर रोड, बाराखम्बा लेन, नई दिल्ली-110001
फोनः 011-23411411, फैक्सः 011-23472550, सीआईएनः L74899DL1998PLC093073
ई-मेलः investors@petronetlng.com, कम्पनी की वेबसाइटः www.petronetlng.com
पैनः AAACP8148D, जीएसटीः 07AAACP8148D1ZI

### 22वीं वार्षिक आम बैठक का नोटिस

एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि कम्पनी की बाइसवीं वार्षिक आम बैठक (''22वीं ए.जी.एम.''), **गुरुवार, 10 सितम्बर, 2020 को अप. 2.30 बजे**, एक साझा स्थल पर, सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों तथा उसके अधीन प्रस्तुत किए गए नियमों और सेबी (सूचीयन, दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियमों, 2015 (''सेबी'') साथ में पठित कारपोरेट कार्य मंत्रालय (''एमसीए'') द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 तथा सामान्य परिपत्र 20/2020 दिनांक 5 मई 2020 तथा अन्य लागू परिपत्रों, यदि कोई हो, तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई 2020 (''सेबी परिपत्र'') (सामूहिक रूप से ''सम्बन्धित परिपत्रों'' के नाम से निर्दिष्ट) के अनुसरण में, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (''वीसी'')/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों (''ओएवीएम'') सुविधा के माध्यम से, 22वीं ए.जी.एम. के नोटिस में निर्धारित किए जाने वाले साधारण व विशेष कारोबार को सम्पादित करने के लिए की जाएगी। सदस्य **https://emeetings.kfintech.com** पर वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ए.जी.एम. में भाग ले सकेंगे या लाइव वेबकास्ट देख सकते हैं। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अधीन कोरम के प्रयोजन हेतु गिना जाएगा।

एम.सी.ए. परिपत्रों और सेबी परिपत्र के संदर्भ में, बैठक में सम्पादित किए जाने वाले सामान्य व विशेष कारोबार के निर्धारण हेतु 22वीं ए.जी.एम. का नोटिस तथा उसके साथ संलग्न कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 से सम्बन्धित विवरण, साथ में वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए लेखापरीक्षित स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरण तथा लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय विवरण और उस पर निदेशकों और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट्स आदि, उन सदस्यों को ईमेल द्वारा भेज दी गई है जिनके ईमेल पते, कम्पनी/सम्बन्धित डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट्स/रजिस्ट्रार तथा कम्पनी के शेयर हस्तांतरण एजेंट (''आरटीए'') के पास पंजीकृत हैं तथा ईमेल प्रक्रिया **17 अगस्त 2020** को पूरी की जा चुकी है। एम.सी.ए. तथा सेबी द्वारा जारी परिपत्रों/अधिसूचनाओं के जरिए सदस्यों को 22वीं ए.जी.एम. के नोटिस तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता नहीं है। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट **www.petronetlng.com** पर तथा स्टॉक एक्सचेंजों यानी बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमशः **www.bseindia.com** तथा **www.nseindia.com** पर तथा कम्पनी की आर.टी.ए., केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (''केफिन टैक'') की वेबसाइट **https://evoting.karvy.com** पर भी उपलब्ध हैं।

22वीं ए.जी.एम. के नोटिस में निर्दिष्ट दस्तावेज, इस नोटिस के प्रसार की तिथि से 22वीं ए.जी.एम. की तिथि तक सदस्यों द्वारा बगैर किसी शुल्क के इलेक्ट्रॉनिक रूप से निरीक्षण हेतु उपलब्ध हैं। सदस्य उक्त दस्तावेजों के निरीक्षण हेतु अपना अनुरोध **investors@petronetlng.com** को एक ईमेल करके भेज सकते हैं।

**बही बंदीकरणः-**

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 और कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 10(1) के प्रावधानों, समय-समय पर यथासंशोधित, के अनुसरण में, 22वीं ए.जी.एम. के प्रयोजन हेतु, कम्पनी के सदस्यों की पंजिका और शेयर हस्तांतरण बहियां, गुरुवार, 3 सितम्बर, 2020 से बुधवार, 9 सितम्बर, 2020 तक (दोनों दिन शामिल) बंद रहेंगी।

**रिकॉर्ड तिथि और अंतिम लाभांश 2019-20 का भुगतानः-**

22वीं ए.जी.एम. में कम्पनी के सदस्यों के अनुमोदन के अधीन, कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुशंसित अनुसार वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान अंतिम लाभांश (रु. 7 प्रति रु. 10 के इक्विटी शेयर पर) (''लाभांश'') के लिए सदस्यों की हकदारी के निर्धारण हेतु **''रिकॉर्ड तिथि''** के रूप में, **गुरुवार, 16 जुलाई, 2020** तय की गई है।

संबंधित परिपत्रों के अनुसार, लागू दरों पर स्रोत पर कर की कटौती (टी.डी.एस.) के अधीन, **29 सितम्बर, 2020 को या उसके बाद निर्धारित समय के अंदर** कथित लाभांश का भुगतान, इलेक्ट्रॉनिक विधि से उन सदस्यों को किया जाएगा जिन्होंने अपने बैंक खाता विवरण नवीकृत करवा लिए हैं। डाक सेवा के सामान्य होने के बाद, लाभांश वारंट/डिमाण्ड ड्रॉफ्ट्स उन सदस्यों के पंजीकृत पतों पर प्रेषित किए जाएंगे जिन्होंने अपने बैंक खाते विवरणों को नवीकृत नहीं किया है।

**22वीं ए.जी.एम. के दौरान रिमोट ई-वोटिंग तथा ई-वोटिंग हेतु अनुदेशः-**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों साथ में पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 20, यथा संशोधित तथा सेबी (सूचीयन, दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियमों, 2015 के विनियम 44 के अनुसरण में, पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड की 22वीं ए.जी.एम. जोकि वीसी/ओएवीएम के माध्यम से गुरुवार 10 सितम्बर, 2020 को अपराह्न 2.30 बजे होने वाली है, उसमें सदस्यों को 22वीं ए.जी.एम. में विचार करने के लिए प्रस्तावित संकल्पों पर वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए कम्पनी ने मैसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की सहर्ष सुविधा प्रदान करती है। कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों साथ में संबंधित नियमों तथा अन्य सांविधिक प्रावधानों के अपेक्षित अनुसरण के अनुसार, विवरण नीचे दिए गए हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | **बैठक का कारोबार रिमोट ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से सम्पादित हो सकता है और कम्पनी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा वोटिंग के लिए सुविधा प्रदान कर रही है।** | हां |
| (ii) | **सूचनाएं भेजने की समापन तिथि** | 17 अगस्त, 2020 |
| (iii) | **रिमोट ई-वोटिंग के शुरू होने की तिथि और समय** | रविवार, 06 सितम्बर, 2020, पूर्वा. 9.00 बजे (भा.मा.स.) |
| (iv) | **रिमोट ई-वोटिंग बंद होने की तिथि और समय** | बुधवार, 09 सितम्बर, 2020, सायं 5.00 बजे (भा.मा.स.) |
| (v) | **इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा वोटिंग इसके बाद अनुमत्य नहीं** | बुधवार, 09 सितम्बर, 2020, सायं 5.00 बजे (भा.मा.स.) |
| (vi) | **कम्पनी और मैसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड का वेबसाइट पता जहां 22वें वार्षिक आम बैठक की सूचना प्रदर्शित की गयी है।** | **https://www.petronetlng.com / https://evoting.karvy.com** **कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में सूचना पट्ट** |
| (vii) | **उस व्यक्ति का सम्पर्क विवरण जो रिमोट ई-वोटिंग से जुड़ी शिकायतों का निपटान करने हेतु जवाबदेह है।** | **श्री एस.वी. राजू, डीजीएम** केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड सेलेनियम बिल्डिंग, टावर बी, प्लॉट 31-32, फाईनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रामगुडा, सेरिलिंगम्पल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना-500032 **फोन नं.:** 040 6716 2222, **टोल फ्री नं.:** 1800 345 4001, **ईमेलः raju.sv@kfintech.com** या **https://evoting.karvy.com** पर उपलब्ध हेल्प एण्ड एफएक्यू'स सेक्शन देख सकते हैं। |

क. जिन सदस्यों ने 22वें एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल दिया है वे 22वें एजीएम में भी भाग ले सकते हैं लेकिन उन्हें दुबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी।

ख. उपरोक्त वर्णित अनुसार रिमोट ई-वोटिंग के दौरान **कट-ऑफ तिथि यानी गुरुवार, 3 सितम्बर, 2020** को चाहे भौतिक रूप में या अभौतिक रूप में शेयर रखनेवाले कम्पनी के सदस्यगण रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। उक्त कथित तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और उसके बाद रिमोट ई-वोटिंग सुविधा बंद कर दी जाएगी। एक बार रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डाल दिया जाता है तो सदस्य को बाद में इसे बदलने या दुबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी।

ग. सदस्यों का वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तिथि यानी गुरुवार, 3 सितम्बर, 2020 को कम्पनी की पेड अप इक्विटी शेयर पूंजी के उनके शेयर के समानुपात में होगा।

घ. वैसे व्यक्ति जो 22वें एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद कम्पनी का शेयर प्राप्त करते हैं और कम्पनी का सदस्य बनते हैं या जिनकी ईमेल आईडी कट-ऑफ तिथि यानी गुरुवार, 3 सितम्बर, 2020 को कम्पनी/आरटीए/संबंधित डीपी के साथ पंजीकृत नहीं है और वे शेयर धारक हैं वे **raju.sv@kfintech.com** या **einward.ris@kfintech.com** को एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

ङ. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट करने की सुविधा बैठक में भाग ले रहे उन सदस्यों को 22वें एजीएम में उपलब्ध कराया जाएगी जिन सदस्यों ने पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है।

च. वे व्यक्ति जिनका नाम कट-ऑफ तिथि को अमानतदार द्वारा संरक्षित सदस्यों का रजिस्टर या लाभार्थी स्वामियों का रजिस्टर में दर्ज किया हुआ है केवल वे ही इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से 22वें एजीएम में वोटिंग के साथ-साथ रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के पात्र होंगे। ऐसे व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं हैं वे इस सूचना को केवल जानकारी उद्देश्य हेतु मानें।

छ. मैसर्स अग्रवाल एस एण्ड एसोसिएट्स (एम.नं. 5774, सीपी नं. 5910) के प्रैक्टिसिंग कम्पनी सेक्रेटरी श्री सचिन अग्रवाल को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से वोटिंग और रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया को जांचने-परखने के लिए कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा जांचकर्ता के रूप में नियुक्ति किया गया है।

ज. जिस प्रस्ताव पर वोटिंग होगी उस पर चर्चा की समाप्ति पर 22वें एजीएम में अध्यक्ष महोदय वैसे सभी सदस्यों को जो 22वें एजीएम में वीसी/ओएवीएम द्वारा बैठक में शामिल होते हैं लेकिन रिमोट ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करके अपने वोट नहीं डाले हैं के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली के उपयोग द्वारा जांचकर्ता की मदद से वोट देने की अनुमति प्रदान करेंगे।

झ. 22वें एजीएम में वोटिंग की समाप्ति के बाद जांचकर्ता पहले बैठक में डाले गए वोटों की गिनती करेंगे और उसके बाद कम से कम दो गवाहों, जो कम्पनी के कर्मचारी नहीं होंगे की मौजूदगी में रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से डाले गए वोटो को अनब्लॉक करेंगे जो 22वें एजीएम के समापन के 48 घंटे के समापन से पूर्व होगा, पक्ष या विपक्ष, अगर कोई हो, में डाले गए कुल मतों का एक समेकित जांचकर्ता की रिपोर्ट अध्यक्ष या लिखित में उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे जो उनका प्रतिहस्ताक्षर करेंगे और तुरंत वोटिंग का परिणाम की घोषणा करेंगे।

ञ. जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ-साथ घोषित परिणाम को अध्यक्ष या लिखित में उनके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा परिणाम की घोषणा के तुरंत बाद कम्पनी की वेबसाइट **https://www.petronetlng.com** और केफिन टेक की वेबसाइट **https://evoting.karvy.com** एवं कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में सूचना पट्ट पर डाला जाएगा। परिणाम को तुरंत ही बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड को भी भेजा जाएगा।

ट. 22वें एजीएम की सूचना को कम्पनी की वेबसाइट **www.petronetlng.com** पर और केफिन टेक की वेबसाइट **https://evoting.karvy.com** पर भी डाला जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग का तरीका और प्रक्रिया के विवरण 22वें वार्षिक आम बैठक की सूचना में भी दिए गए हैं। यह कम्पनी की वेबसाइट यानी **https://www.petronetlng.com** पर और केफिन टेक की वेबसाइट **https://evoting.karvy.com** पर भी उपलब्ध है।

ठ. यदि अपेक्षित बहुमत से प्रस्ताव पास हो जाता है तो इसे 22वें वार्षिक आम बैठक की तिथि यानी **गुरुवार, 10 सितम्बर, 2020** को पास हुआ मान लिया जाएगा।

**ईमेल पता का पंजीकरण/अद्यतन करने का तरीका**

क. भौतिक रूप में शेयर रखनेवाले सदस्यगण जिन्होंने कम्पनी में अपना ईमेल पता का पंजीकरण/अद्यतन नहीं किया है, उनसे आग्रह है कि वे इसे **https://ris.kfintech.com/email_registration/** पर क्लिक करके या फोलियो नम्बर का विवरण के साथ और **investors@petronetlng.com** पर पैन कार्ड की स्व-अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करके कम्पनी को लिखकर या **einward.ris@kfintech.com** पर आरटीए के समक्ष पंजीकरण/अद्यतन करा लें।

ख. अभौतिक रूप में शेयर रखनेवाले सदस्यगण, जिन्होंने अपने अमानतदार प्रतिभागियों के समक्ष अपना ईमेल पता पंजीकृत/अद्यतन नहीं कराया है, उनसे आग्रह है कि वे जहां अपना डीमैट खाता का संचालन करते हैं उन अमानतदार प्रतिभागियों के समक्ष अपना ईमेल पता पंजीकृत/अद्यतन करा लें। इसके अलावा कम्पनी ने अमानतदारों यानी एनएसडीएल और सीडीएसएल के माध्यम से और इसके रजिस्ट्रार एण्ड ट्रांसफर एजेंट यानी केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से 2019-20 का वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने और अन्य संचार हेतु अमानतदार या कम्पनी के पास अपना ईमेल पता को पंजीकरण कराने हेतु भी शेयरधाराकों के लिए सुविधा उपलब्ध की गई है। ईमेल पता का पंजीकरण हेतु लिंक **https://ris.kfintech.com/email_registration/** है।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड**

**स्थानः** नई दिल्ली
**दिनांकः** 17 अगस्त, 2020

**(राजन कपूर)**
**सीजीएम एवं वाइस प्रेजिडेंट - कम्पनी सचिव**

**टिप्पणीः 22वें वार्षिक आम बैठक के संदर्भ में सदस्यों को कोई भी उपहार, उपहार कूपनों या उपहार के बदले नकद राशि का वितरण नहीं किया जाएगा।**

## IAF TO THE RESCUE



The Indian Air Force rescues a man who was stranded near an overflowing dam in Chhattisgarh's Bilaspur on Monday. PTI

# Cong hits out at Sanjay Jha over claim of rumblings within party

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Did some Congress leaders sent an SOS letter to their party president Sonia Gandhi criticising the current state of the main opposition party? Former party spokesperson Sanjay Jha's claim to that effect may have been denied by the party, but at least one other person confirmed that a letter had indeed been written and delivered on Independence Day to 10, Janpath, Gandhi's residence. The signatories, this leader said, included former ministers and Chief Ministers although neither was available for comment and HT was unable to verify this.

The party's chief spokesperson Randeep Singh Surjewala took to Twitter to rebut Jha whose claim created a buzz in Congress circles. He called it a ploy by the Bharatiya Janata Party (BJP) to divert attention from the issue of the ruling party's links with Facebook.

"Special Misinformation Group on Media-TV Debate Guidance in its Whatsapp of today directed to run the story of a non-existent letter of Congress leaders to divert attention from Facebook-BJP links. Of course, BJP stooges have started acting upon it," Surjewala tweeted.

THE SUSPENDED CONG LEADER SAID THAT OVER 100 PARTYMEN WROTE A LETTER TO CONG CHIEF SONIA GANDHI ASKING FOR A CHANGE IN POLITICAL LEADERSHIP AND TRANSPARENT ELECTIONS IN CWC

His reference is to the controversy surrounding a Wall Street Journal story that said Facebook's India policy chief had advised against acting against an account belonging to a BJP leader for hate speech.

Earlier in the day, Jha claimed that about 100 leaders of the Congress party, including Members of Parliament, wrote to Gandhi on the leadership issue , seeking transparent elections to the Congress Working Committee (CWC), the party's highest decision-making body.

"It is estimated that around 100 Congress leaders (including MP's), distressed at the state of affairs within the party, have written a letter to Mrs Sonia Gandhi, Congress President, asking for change in political leadership and transparent elections in CWC. Watch this space," Jha had tweeted.

In a virtual news conference, Congress spokespersons Supriya Shrinate and Pranav Jha said "no such letter has been written or received" by the party, alleging the issue is being raised at the behest of the BJP to divert the attention its nexus with Facebook.

Jha was suspended from the Congress last month for "anti-party activities and breach of discipline" following his criticism of the leadership over the handling of the political turmoil in Rajasthan in the wake of rebellion by Sachin Pilot and 18 other legislators.

And before that, Jha was sacked as a Congress spokesperson after he criticised the party leadership in an article.

# SC judgment today on plea seeking to transfer funds from PM Cares to NDRF

Murali Krishnan
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Supreme Court will pronounce its judgment on Tuesday in a plea asking that all contributions made to PM Cares fund till date be transferred to the National Disaster Response Fund (NDRF), a statutory fund created under section 46 of the Disaster Management Act of 2005 (DM Act).

The verdict will also decide whether the PM Cares Fund violates the legal provisions contained in the DM Act.

